आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 31.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. संसद ने लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक 2026 पारित कर दिया है।
2. सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से कल चिड़ियाटापू जैविक उद्यान में वर्षावन पक्षी अवलोकन यात्रा का आयोजन किया जाएगा।
3. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से 'टीबी मुक्त भारत ऐप' लॉन्च किया गया।
4. एम.वी. स्वराजद्वीप 3 अगस्त को श्री विजयपुरम से कोलकाता के लिए रवाना होगा ।

<><><><><><><>

संसद ने लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक 2026 पारित कर दिया है। राज्यसभा ने इसे कल मंजूरी दी, लोकसभा से विधेयक बुधवार को पारित हुआ था। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने विधेयक पेश किया। विधेयक में सख्त दंड और जुर्माने सहित कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं। इनमें दस वर्ष तक की सज़ा, दस करोड़ रुपये तक का जुर्माना और दोषी व्यक्तियों की संपत्ति जब्त करना शामिल है। मामलों के शीघ्र निपटान के लिए राज्य सरकार और केन्द्रशासित प्रदेश प्रशासन विशेष त्वरित अदालतें स्थापित करेंगे। मामले की छानबीन पुलिस थाने में सूचना दर्ज होने की तिथि से दो महीने के अंदर पूरी करनी होगी। आरोप पत्र दाखिल होने के तीन महीने के अंदर सुनवाई पूरी हो जानी चाहिए।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से कल चिड़ियाटापू जैविक उद्यान में वर्षावन पक्षी अवलोकन यात्रा का आयोजन किया जाएगा। पर्यावरण एवं वन विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा देना और द्वीपसमूह की समृद्ध पक्षी विविधता एवं प्राचीन वर्षावन पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जागरूकता पैदा करना है। विभाग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर 35 पंजीकृत प्रतिभागियों के लिए परिवहन की सुविधा प्रदान करेगा। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों से कल सुबह 6 बजकर 45 मिनट पर सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय परिसर में रिपोर्ट

करने को कहा गया है। अन्य इच्छुक प्रतिभागी सुबह साढ़े सात बजे जैविक उद्यान में सीधे इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। पक्षी अवलोकन यात्रा आठ बजे शुरू होगी। निदेशालय ने सभी प्रकृति प्रेमियों को द्वीपसमूह में जिम्मेदार, टिकाऊ और प्रकृति–आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने में अपना योगदान देने के लिए आमंत्रित किया है। अधिक जानकारी के लिए निदेशालय में प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

यातायात पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत पानीघाट, मायाबंदर में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ संयुक्त विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। यह अभियान मायाबंदर थाना प्रभारी निरीक्षक आर.के. मजूमदार के नेतृत्व में, विशेष यातायात जाँच टीम तथा आरटीओ के समन्वय से आयोजित किया गया। इस अभियान के दौरान सरकारी व निजी एक्सप्रेस बसों सहित सार्वजनिक परिवहन वाहनों और अन्य मालवाहक वाहनों का निरीक्षण कर सभी यातायात नियमों व विनियमों का कड़ाई से पालन करने की सलाह दी गई। प्रवर्तन टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए 8 चालान भी जारी किए गए।

<><><><><><><>

अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग की ओर से कल पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान, डॉलीगंज में कर्मचारियों के लिए अग्नि एवं सुरक्षा तकनीकों पर एक व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन लाइवस्टॉक फार्म कॉम्प्लेक्स तथा पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों की आपातकालीन तैयारियों और सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था। सत्र के दौरान, प्रतिभागियों को आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले अग्निशमन सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं और प्राथमिक त्वरित प्रतिक्रिया उपायों पर जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय टीबी प्रभाग की ओर से राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 'टीबी मुक्त भारत ऐप' लॉन्च किया गया है। इस डिजिटल पहल का उद्देश्य टीबी की देखभाल को मजबूत करना, जन जागरूकता बढ़ाना और टीबी उन्मूलन के प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। टीबी मुक्त भारत ऐप एक सुलभ डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसमें टीबी से संबंधित जानकारी और सेवाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध है। इस एप्लीकेशन की एक प्रमुख विशेषता 'निक्षय मित्र' पहल के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी को आसान बनाना है। आम नागरिकों, संस्थानों, कॉर्पोरेट्स और संगठनों को इस ऐप के जरिए निक्षय मित्र के रूप में पंजीकरण करने और टीबी रोगियों को उनके इलाज के दौरान पोषण संबंधी, सामाजिक या वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ऐप में खुशी – आपकी ई–संगिनी नाम से एक इंटरेक्टिव चैटबॉट भी शामिल है। आम जनता से निक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत होकर ज़रूरतमंद टीबी रोगियों की सहायता करने और अपना योगदान देने के लिए टीबी मुक्त भारत ऐप को डाउनलोड करने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

एम.वी. स्वराजद्वीप 3 अगस्त को सुबह आठ बजे श्री विजयपुरम से कोलकाता के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामान का लादान दो अगस्त दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक होगा। अतिरिक्त सामानों की बुकिंग जहाजरानी सेवा निदेशालय के वाणिज्यिक शाखा में अग्रिम रूप से कराना अनिवार्य है। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य जहाज रवानगी के दिन सुबह 5 बजे से 7 बजे तक चलेगा। जहाज हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल में कल रात भारतीय भारोत्तोलक लवप्रीत सिंह ने पुरुषों के 110 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि सीमा कलीरामना ने महिला डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक हासिल किया। आठवें दिन ऑस्ट्रेलिया 110 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना रहा। वहीं, भारत 17 पदकों के साथ 10वें स्थान पर रहा। भारत के पदकों में तीन स्वर्ण, 10 रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

<><><><><><><>

आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान की ओर से सीएचआर योग और नेचर क्योर सेंटर के निदेशक डॉ. सी एच हेमंत राव को द्वीपसमूह में प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के प्रति लोगों में जागरूकता विषय पर किए गए शोध के लिए गांधी फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

<><><><><><><>

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन माय भारत की ओर से कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में महिला–नेतृत्व वाले विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए 'विकसित भारत @2047 के दृष्टिकोण पर 'यंग प्रोफेशन्स राउंडटेबल' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दक्षिण अंडमान की अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। उन्होंने अपने संबोधन में उन्होंने युवा पेशेवरों से नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व और जनभागीदारी के माध्यम से जिम्मेदार नेता बनने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के छात्रों, संकाय सदस्यों और युवा पेशेवरों सहित लगभग 200 युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार होम गार्ड संगठन की ओर से चयनित होम गार्ड स्वयंसेवकों की सूची जारी कर दी गई है। अभ्यार्थियों को सरकारी अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद 10 अगस्त को सुबह दस बजे पहाड़गांव थाना के होमगार्ड कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट करने को कहा गया है।

<><><><><><><>